'जीवन में सीमाओं से परे जाना पड़े तो कभी पीछे न हटें'

नईदुनिया (वि.), रायपुर : जीवन में जब भी बौद्धिक या शारीरिक रूप से अपनी सीमाओं से परे जाने का अवसर मिले तो कभी पीछे नहीं हटना चाहिए। ऐसे अनुभव व्यक्तित्व विकास और आत्मविश्वास का निर्माण करने में सहायक होते हैं। ये जीवन के अनमोल परिवर्तन भी होते हैं। जीवन में व्यक्ति सुरक्षित दायरा बना लेता है, जब उससे बाहर निकलने का साहस जुटाता है, तभी सफलता मिलती है। ये बात भारतीय प्रबंध संस्थान(आइआइएम) में आयोजित कार्यक्रम में भूतपूर्व सांसद अभिषेक सिंह ने कही। एक भारत श्रेष्ठ भारत के तहत युवा संगम के पांचवें चरण में असम विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राएं पांच दिवसीय दौरे पर आइआइएम रायपुर आए हुए थे।

प्रतिभागी को प्रमाण पत्र देते अतिथि, साथ में पूर्व सांसद अभिषेक सिंह (दायें से दूसरे)। • संस्थान

समापन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि अभिषेक सिंह ने आगे कहा कि छात्रों को हमेशा जिज्ञासु रहना चाहिए, साथ ही खुले विचार भी बने रहना चाहिए। हमेशा अपने अनुभवों पर चिंतन करने का समय निकालें, क्योंकि ये चिंतन आपको अपने बारे में कुछ नया सिखाएंगे, आपको विकसित होने में मदद करेंगे। असम से आए 45 छात्रों और पांच समन्वयकों को मुख्य अतिथि अभिषेक सिंह, आइआइएम के निदेशक प्रोफेसर रामकुमार काकानी, प्रोफेसर आशापूर्णा ने प्रमाण-पत्र और स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। समापन सत्र में असम के प्रतिनिधियों द्वारा एक सांस्कृतिक प्रस्तुति दी गई, जिसमें राज्य की समृद्ध परंपराओं और समुदाय की झलक देखने को मिली।

प्रतिभागियों ने साझा किए अनुभव

असम से आए छात्र-छात्राओं ने अपनी पांच दिवसीय यात्रा के संस्मरण भी साझा किए। उन्होंने कहा कि कालेज में हम ज्यादातर सैद्धांतिक अध्ययन पर ध्यान केंद्रित करत हैं। यहां आकर मुझे बहुत कुछ सीखने को मिला। छत्तीसगढ़ की समृद्ध विरासत और ऐतिहासिक, पुरातात्विक धरोहर देखने को मिली। ये हमारे जीवन के अनमोल क्षण हैं।

अलग-अलग जगहों का कराया गया भ्रमण

असम के प्रतिनिधियों को छत्तीसढ़ के अलग-अलग स्थलों का भ्रमण कराया गया। पहले दिन सिरपुर के पुरातात्विक स्थलों को देखा। इसके बार बारनवापारा वन्यजीव अभ्यारण्य, एशिया के सबसे बड़े स्टील उद्योग भिलाई स्टील प्लांट भी दिखाया गया। स्मार्ट सिटी नया रायपुर, राज्य संग्रहालय, गोलबाजार के साथ ही छत्तीसगढ की लोक संगीत और पारंपरिक व्यंजनों का स्वाद भी लिए।

Naiduniya City Raipur 02-01-2025